इसके बाद प्रभावति कर्मचारी उक्त एनआईसीएसआई के दिनांक 29.07.2016 के कार्यालय ज्ञापन, जिसमें एनआईसीएसआई और एमईआईटीवाई दोनों को प्रतिवादी बनाया गया था, के अनुसार वसूली की पुनः आरंभ प्रक्रिया के विरुद्ध अवमानना याचिका दायर कर माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय पहुँचे। एमईआईटीवाई ने मामले पर फिर से विचार किया और एनआईसीएसआई को, दिनांक 17.03.2017 को लिखे पत्र के माध्यम से सलाह दिया कि, इस मामले में वह माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 18.03.2016 को दिए गए आदेश का पालन करे। एमईआईटीवाई के दिशानिर्देशों के अनुसार, एनआईसीएसआई ने दिनांक 21.03.2017 को कार्यालय आदेश जारी किया जिसमें '' एनआईसी/एनआईसीएसआई कर्मचारियों द्वारा एलटीसी दावों की वसूली को प्रभावित नहीं करना और यह भी कि की जा चुकी वसूली राशि को संबंधित अधिकारियों को वापस कर दिया जाएगा। तदनुसार, प्रतिवादियों ने दिनांक 23.03.2017 की सुनवाई में माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय को दिनांक 23.03.2017 को जारी कार्यालय ज्ञापन की एक प्रति सौंपकर अपने निर्णय की जानकारी दी। इस प्रकार अवमानना याचिका को संतुष्ट माना गया और प्रतिवादियों को निर्देश दिया गया कि वे दिनांक 23.03.2017 के कार्यालय ज्ञापन को तत्काल प्रभाव से लागू करें। एनआईसीएसआई ने तदनुसार कार्रवाई की और प्रत्येक व्यक्ति को उनसे वसूल की गई राशि वापस कर दी गई।

इस बीच, मामले को कैग कार्यालय द्वारा ''मार्च 2014 को समाप्त हुए वर्ष के लिए रिपोर्ट–केंद्र सरकार (संचार और आईटी क्षेत्र)–2015 की सं. 55'' में संसद में प्रस्तुत किया गया था। यह वर्तमान में संसद की लोक लेखा समिति (पीएसी) के पास है।

एमईआईटीवाई ने उक्त माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्णय सहित उपरोक्त के अनुसार कैग कार्यालय को सूचित किया था। इसके बाद कैग कार्यालय ने माननीय न्यायालय के निर्णय की प्रति और एनआईसीएसआई सेवा नियमों के अनुसमर्थन हेतु सरकार की मंजूरी भी मांगी थी। जबकि माननीय न्यायालय के निर्णय की प्रति कैग कार्यालय को प्रदान की गई थी, यह सूचित किया गया था कि एनआईसीएसआई सेवा नियमों के अनुसमर्थन का मामला अभी भी सरकार के विचाराधीन है। मामले की स्थिति पिछले वर्ष की तरह ही है। हालांकि, कैग संगठन (वित्त एवं संचार लेखा परीक्षा कार्यालय) ने पत्र सं. एएमजी–।।/एनआईसीएसआई/एफ–3126/2008 दिनांक 10.01.2020 ने पैरा को निरीक्षण रिपोर्ट से हटा दिया था।

51. एनआईसी से प्रतिनियुक्ति पर एनआईसीएसआई आए कर्मचारियों को परियोजना प्रोत्साहन

पीएंडटी लेखा परीक्षा कार्यालय से एक लेखापरीक्षा अवलोकन के आधार पर, एनआईसीएसआई ने नवंबर 2014 में एनआईसी/एमईआईटीवाई को अनुसमर्थन के लिए अपने ''परियोजना प्रोत्साहन दिशानिर्देश'' भेजे थे। चूंकि उस पर अनुमोदन प्राप्त नहीं हुआ था, एनआईसीएसआई वित्तीय वर्ष 2013–14 के बाद से अपने कर्मचारियों को परियोजना प्रोत्साहन का भुगतान नहीं कर रहा है। हलांकि, कैग संगठन ने (वित्त और संचार लेखा परीक्षा) ने पत्र सं. एएमजी–।।/एनआईसीएसआई/एफ–3126/2008 दिनांक 10.01.2020 ने पैरा को निरीक्षण रिपोर्ट से हटा दिया था।

52. एनआईसी से प्रतिनियुक्ति पर आए एनआईसीएसआई कर्मचारियों को परिवहन भत्ता और मकान किराया भत्ता

कंपनी ने 01.07.2007 से 31.03.2014 के दौरान एनआईसी से प्रतिनियुक्ति पर आए एनआईसीएसआई कर्मचारियों को परिवहन भत्ते के रूप में 49 लाख रु. और मकान किराया भत्ते के रूप में 17 लाख रुपयों का अधिक भुगतान किया है। इस राशि का भुगतान कंपनी द्वारा निदेशक मंडल की 17.05.2006 को आयोजित 49वीं बैठक में अनुमोदित सेवा नियमों के आधार पर किया गया था, जो भारत सरकार के नियमों के अनुरूप नहीं हैं। इन सेवा नियमों को संशोधन हेतु एनआईसीएसआई ने एनआईसी/एमईआईटीवाई को 11.11.2014 को भेजा था। मामले में प्रतिक्रिया की प्रतीक्षा की जा रही है। हालांकि, निदेशक मंडल द्वारा किए गए अनुमोदन के अनुसार एनआईसीएसआई ने वित्त वर्ष 2018–19 और उसके बाद से इन भत्तों से संबंधित सरकारी नियमों का पालन किया है। मामले की स्थिति पिछले वर्ष के

जैसी ही है। हालांकि कैग संगठन (वित्त एवं संचार लेखापरीक्षा कार्यालय) ने पत्र सं. एएमजी–II/एनआईसीएसआई/एफ–3126/2008 दिनांक 10.01.2020 ने पैरा को निरीक्षण रिपोर्ट से हटा दिया था।

53. सहायता प्राप्त परियोजनाओं में अनुदान की अप्रयुक्त निधि पर ब्याज।

एनआईसीएसआई ने वित्त वर्ष 2020–21 में जीआईए परियोजनाओं में वास्तविक आधार पर ब्याज दरों के अनुसार काम किया है जिस पर एनआईसीएसआई ने वर्ष में और वित्त वर्ष 2020–21 में इस प्रकार सावधि जमा किया थाः

₹ लाखो में

अवधि	एनकेएन परियोजना	अन्य जीआईए परियोजना	कुल
वित्त वर्ष 2019–20 के लिए	27.87	397.49	425.36
वित्त वर्ष 2020–21 के लिए	28.97	190.30	219.27

54. जीआईए परियोजनाओं में ब्याज की वापसी पर पीएंडटी लेखा परीक्षा कार्यालय से ड्राफ्ट लेखापरीक्षा पैरा

वित्त वर्ष 2011–2012 तक, कंपनी अनुदानकर्ता संस्थान से परियोजनाओं के निष्पदान हेतु प्राप्त राशि को सहायता प्राप्त अनुदान के रूप में स्वीकार करने की बजाय, ''ग्राहक से प्राप्त अग्रिम'' के रूप में स्वीकार कर रही थी और तदनुसार, अनुदानकर्ता संस्थान को अप्रयुक्त निधि पर कोई ब्याज नहीं दिया गया था।

निदेशक मंडल ने, दिनांक 21–12–2011 की बैठक के माध्यम से सहायता परियोजनाओं में अनुदान में उपलब्ध अनुपयोगी निधि पर अर्जित ब्याज की गणना और वापसी के लिए समय–समय पर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में बचत बैंक खातों में लागू ब्याज दर के अनुसार अनुमोदित किया था। तदनुसार, कंपनी ने अनुदानकर्ता संस्थान को ब्याज की राशि की गणना और वापसी की थी अर्थात सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में बचत बैंक खातों पर लागू ब्याज दर जबकि अनुदानकर्ता संस्थान द्वारा निर्धारित नियमों और शर्तों के अनुसार, वास्तविक ब्याज सहायता परियोजनाओं में अनुदान के अप्रयुक्त शेष को वापस किया जाना है। अनुदानकर्ता विभागों ने वित्त वर्ष 2016–17 तक व्यक्तिगत परियोजना में जमा ब्याज को स्वीकार कर लिया है और इनमें से अधिकांश परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं और उनके खातों को निपटारा हो गया है। यद्यपि, कंपनी द्वारा सरकार को जीआईए परियोजनाओं में ब्याज की कम वापसी के लिए कैग कार्यालय से एक पैरा जारी है। एनआईसीएसआई ने पैरा का उत्तर दिया था और यह अभी भी कैग कार्यालय के विचाराधीन है।

इस बीच, निदेशक मंडल ने 28.03.2017 को हुई अपनी 100वीं बैठक में इस मामले पर फिर से विचार किया और एनआईसीएसआई को वास्तविक आधार पर सहायता अनुदान परियोजनाओं पर ब्याज वापस करने की सलाह दी।

तदनुसार वित्त वर्ष 2018–19 में, एनआईसीएसआई ने जीआईए परियोजनाओं में वास्तविक आधार पर ब्याज दरों के अनुसार काम किया है, जिस पर एनआईसीएसआई ने अतीत में और साथ ही वित्त वर्ष 2018–19 में एफडी की थी और उसके आधार पर, 31.03.2018 तक की अवधि के लिए और वित्त वर्ष 2018–19 के लिए संबंधित परियोजना के प्रत्येक खाता बही में अंतर इस प्रकार हैः

तदनुसार, वित्त वर्ष 2018–19 में, एनआईसीएसआई ने जीआईए परियोजनाओं में वास्तविक आधार पर ब्याज दरों के अनुसार काम किया है, जिस पर एनआईसीएसआई ने अतीत में एफडी की थी और उसके आधार पर, 31.03.2018 तक की अवधि के लिए संबंधित परियोजना के प्रत्येक खाता बही में अंतर ब्याज दिया है जो कुल 4766.01 लाख रु. (अर्थात् एनकेएन परियोजना में 1414.74 लाख रु. और अन्य जीआईए परियोजनाओं में 3351.27 लाख रु. है) साथ ही संबंधित अनुदानकर्ता विभाग को भी वापस किया गया या भविष्य के अनुदान में समायोजित किया गया।

पीएंडटी लेखापरीक्षा कार्यालय, पत्र सं. एएमजी–।।/रेप पीएसयू/डीएपी/9993/एनआईसीएसआई/डी–2024 दिनांक 14.01.2020 को, सहायता परियोजनाओं में अनुदान को नियंत्रित करने वाले नियमों और शर्तों का पालन न करने के कारण, "26.36 करोड़ रु. की हानि और 78.38 करोड़ रु. की देयताओं को कम करने" पर एनआईसीएसआई को ड्राफ्ट ऑडिट पैरा (डीएपी) प्रदान किया गया है। लेखापरीक्षा का यह कहना है कि एनआईसीएसआई ने पिछले वर्षों के दौरान अपनी जीआईए ब्याज आय पर भुगतान किए गए कॉरपोरेट कर में कटौती की है और अंतर ब्याज की वापसी करते हुए, उसने पहले से भुगतान किए गए कॉरपोरेट कर में कटौती की है और इस प्रकार इसे विभाग द्वारा पूर्व में कॉरपोरेट कर की वापसी के संबंध में मामले को सीबीडीटी/आयकर के साथ उठाना चाहिए। एनआईसीएसआई ने अपने मेमो नं. 12 दिनांक 04.12.2019 का उत्तर देते हुए दिनांक 09.12.2019 और साथ ही दिनांक 12.06.2020

को लिखे पत्र के माध्यम से पीएंडटी लेखापरीक्षा कार्यालय को सूचित किया था कि चूंकि कॉरपोरेट कर भारत सरकार यानी आय कर विभाग को वित्त वर्ष 2012–13 से लगातार दिया जाता रहा है, इसलिए इसने मामले को आयकर विभाग के सामने नहीं उठाया, एनआईसीएसआई को कॉरपोरेट कर की वापसी के बाद भी, इसे भारत सरकार (यानि अनुदानकर्ता विभागों) को फिर ले वापस करना होगा। मामले में स्थिति अभी भी पूर्ववत है।

55. व्यापार प्राप्य

एनआईसीएसआई भारत सरकार और राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों/संगठनों में प्रति वर्ष बड़ी संख्या में नई परियोजनाओं का कार्यान्वयन करती है। सामान्य वित्त नियमों (जीएफआर) के प्रावधानों के अनुसार, वे एनआईसीएसआई को 40% या इसके आस–पास तक अग्रिम देने को सीमित हैं, जबकि कई मामलो में मुख्य रूप से आईसीटी हार्डवेयर, एनआईसीएसआई को कार्य आदेश पूर्ण सीमा तक जारी करना पड़ता है और उन वस्तुओं के वितरण/स्थापना के बाद, एनआईसीएसआई को कार्य आदेशों में भुगतान शर्तों के अनुसार विक्रेताओं को भुगतान जारी करना होगा। यह, कई अवसरों पर, व्यापार प्राप्तियों में परिणाम, नोट सं. में खुलासा किया गया है। यह, कई अवसरों पर, व्यापार प्राप्यों के रूप में मिलता है, वित्तीय विवरण की नोट सं. 10 में प्रकटीकरण किया गया है। 31 मार्च 2021 को व्यापार प्राप्य 34869.32 लाख रु. (पीवाई 27,422.87 लाख रु.) थी जिसकी वसूली के लिए एनआईसीएसआई समय–समय पर संबंधित विभागों/संगठनों से संपर्क करती रहती है।

56. संदिग्ध ऋण राशि का प्रावधान, जिनकी वसूली की संभावना नहीं है

कंपनी की लेखा नीति के अनुसार, व्यापार प्राप्तियोंक लिए 5% की दर से प्रावधान को मान्यता दी गई है जो बैलेंस शीट की तिथि में 3 वर्षों से अधिक से बकाया है। पीएंडटी लेखापरीक्षा ने देखा कि कंपनी के संदिग्ध ऋणों के प्रावधान के लिए अपनाई गई नीति त्रुटिपूर्ण है।

पीएंडटी ऑडिट के उपरोक्त अवलोकन और एनआईसीएसआई द्वारा उस कार्यालय को वित्त वर्ष 2017–18 के लिए दिए गए आश्वासन को ध्यान में रखते हुए वित्त वर्ष 2018–19 के लिए संदिग्ध राशि जिनकी वसूली की संभावना बहुत कम है, के लिए प्रावधान हेतु समीक्षा करने और अपनी अनुशंसाएं देने के लिए एनआईसीएसआई में एक समिति का गठन किया गया था।

समिति ने संदिग्ध ऋणों के लिए ''प्रावधान'' हेतु एक नीति की सिफारिश की थी (i) 10 वर्षों से अधिक बकाया के लिए 100% (ii) 5 से 10 वर्षों से बकाया के लिए 50%, (iii) 3 से 5 वर्ष से बकाया के लिए 25%। इसे एनआईसीएसआई में मंजूर कर लिया गया था और तदनुसार एनआईसीएसआई ने वित्त वर्ष 2018–19 और 2019–20 के लिए अपने खातों में "प्रावधान" किया था।

वित्त वर्ष 2020–21 के लिए एनआईसीएसआई खातों में भी समान आधार पर संदिग्ध राशि के लिए ''प्रावधान'' किया गया है, जबकि पिछले वर्ष के 8435.35 लाख रु. के प्रावधान को उलट दिया गया है और वित्त वर्ष 2020–21 में 8508.75 लाख रु. के नए प्रावधान इस प्रकार हैं: –

(लाखों में)

अवधि	बकाया राशि	% में प्रावधान	वित्त वर्ष 2020–21 में प्रावधान	वित्त वर्ष 2019–20 में प्रावधान
10 वर्षों से अधिक	6300.00	100	6300.00	5,410.02
5 से 10 वर्ष	4057.00	50	2028.50	2,194.98
3 से 5 वर्ष	721.00	25	180.25	8,30.35
3 वर्षों तक	23791.32	शून्य	शून्य	शून्य
कुल	**34869.32**		**8508.75**	**8435.35**

57. आपूर्तिकर्ताओं को अग्रिम का प्रावधान

पीएंडटी ऑडिट ने वित्त वर्ष 2017–18 के लिए लेखापरीक्षा करते समय देखा था कि "आपूर्तिकर्ताओं को 984.16 लाख रु. की अग्रिम राशि 3 वर्ष से अधिक पुरानी है। गैर–प्रावधान के परिणामस्वरूप वर्तमान परिसंपत्तियों को अधिक बताया गया है और प्रावधानों को कम कर के दिखाया गया है जिससे लाभ को अधिक बताया गया है।"

उपरोक्त अवलोकन को ध्यान में रखते हुए, एनआईसीएसआई में समनीक्षा करने के लिए एक समिति का गठन किया गया था और आपूर्तिकर्ताओं को अग्रिमों के लिए किए जाने वाले प्रावधान पर विचार करने और सिफारिश करने हेतु उनकी अनुशंसा देने की संभावना नहीं थी। समिति ने 3 वर्षों से अधिक समय से निपटान हेतु बताया राशि का ''प्रावधान'' करने की अनुशंसा की थी। एनआईसीएसआई ने इसे मंजूरी दे दी थी। तदनुसार, एनआईसीएसआई ने वित्त वर्ष 2018–19 और 2019–20 में प्रावधान किया था।

31.03.2021 को 3 साल से अधिक समय से बकाया राशि और निपटान की संभावना नहीं होने के कारण वित्त वर्ष 2020–21 के लिए खातों में 977.22 लाख रु. की (वित्त वर्ष 2019–20 के 1260.88 लाख रु. के विपरीत), एनकेएन परियोजना को छोड़कर, अग्रिम राशि का प्रावधान किया गया।

58. संपत्ति और देयताओं का वर्तमान और गैर–वर्तमान में वर्गीकरण

कंपनी परिचालन चक्र के भीतर वसूली/भुगतान के अनुमान के आधार पर वित्त विवरणों में संपत्तियों और देयताओं को 'वर्तमान' और 'गैर–वर्तमान' में विभाजित करती है।

59. निगमित सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) पर व्यय

₹ लाखो में

विवरण	खर्च की गई राशि	भुगतान की जाने वाली राशि	कुल राशि
31 मार्च 2021 को समाप्त हुआ वर्ष निर्माण/संपत्ति का अधिग्रहण उपर (i) के अलावा अन्य उद्देश्यों के लिए	- 57.20	- -	- 57.20
31 मार्च, 2020 को समाप्त हुआ वर्ष निर्माण/संपत्ति का अधिग्रहण उपर (i) के अलावा अन्य उद्देश्यों के लिए	- 40.00	- -	- 40.00

31 मार्च 2020 तक शेष राशि		31 मार्च 2021 को समाप्त वर्ष के दौरान खर्च की जाने वाली आवश्यक राशि	वर्ष के दौरान खर्च की गई राशि		31 मार्च 2021 के अनुसार शेष राशि	
कंपनी लेखा के साथ	अलग सीएसआर लेखा में		कंपनी लेखा के साथ	अलग सीएसआर लेखा में	कंपनी लेखा के साथ	अलग सीएसआर लेखा में
-	-	57.20*	57.20*	-	-	-

*एनआईसीएसआई ने वित्त वर्ष 2020–21 के लिए दिनांक 28.06.2021 को एनआईसीएसआई के निदेशक मंडल की 118वीं बैठक में निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के रूप में, जो 31.03.2021 को सीएसआर समिति की 6 बैठक में की गई अनुशंसाओं पर आधारित है, स्वीकृत 57.20 लाख रु. (पीवाई 40.00 लाख रु.) का योगदान किया।

60. डिस्ट्रिक्ट 2.0 – डिजिटल इंडिया पहल को पूरा करने के लिए जिला बुनियादी ढांचे का विस्तार"

28 मार्च 2017 को निदेशक मंडल ने अपनी 100वीं बैठक में परियोजना पर विचार किया था और चरण–। के लिए कुल 9,900 रु. के परिव्यय को मंजूरी दी थी जिसे पूरी तरह से एनआईसीएसआई द्वारा अपने"नकद आरक्षित निधि" से पूरा किया जाएगा। हालांकि, परियोजना में ''राजस्व'' से आय नहीं होगी, क्योंकि इसमें अनआईसी के कुल जिला केंद्रों में केवल आईसीटी बुनियादी ढांचे में विकास शामिल है। इसलिए परियोजना से कोई आय नहीं होगी, एनआईसीएसआई ने वित्त वर्ष 2020–21 (पीवाई 2019–20, 26.79 लाख रु.) में व्यय के रूप में आय और व्यय खाते में वर्ष के दौरान शून्य खर्च को सीधे रूट किया है।

61. आय कर और बिक्री कर आदि का प्रावधान

पीएंडटी ऑडिट ने वित्त वर्ष 2017–18 के लिए लेखापरीक्षा करते समय देखा गया था कि " वित्त वर्ष 2007–08 से 2014–15 तक वसूली योग्य टीडीएस/आयकर के कारण 2,281.03 लाख रु. का आयकर विभाग में लंबित है। उक्त राशि 3 वर्ष से अधिक पुरानी होने कारण इस संबंध में प्रावधान कंपनी द्वारा बनाया जाना चाहिए था लेकिन कोई प्रावधान नहीं किया गया है। इस राशि का प्रावधान न करने के कारण ही वर्तमान संपत्तियों को बढ़ाचढ़ा कर प्रस्तुत किया गया और प्रावधान को कम कर के बताया गया जिसके कारण आय को बढ़ाचढ़ा कर प्रस्तुत किया गया"।

उपरोक्त जांच को ध्यान में रखते हुए, आयकर रिफंड, बिक्री कर वसूली योग्य और कार्य अनुबंध पर टीडीएस की संभावना न होने कारण वित्त वर्ष 2018–19 के लिए खातों में किए जाने वाले प्रावधान की समीक्षा करने और सिफारिशें देने हेतु एनआईसीएसआई में समिति का गठन किया गया था। समिति ने अनुशंसा की थी कि 3 वर्ष से अधिक से वापसी योग्य कर राशि का प्रावधान किया जा सकता है। एनआईसीएसआई ने इसे मंजूरी दे दी है और तदनुसार वित्त वर्ष 2018–19 और 2019–20 के लिए प्रावधान किए गए थे।

उपरोक्त के आधार पर, वित्त वर्ष 2020–21 के लिए वित्त वर्ष 2019–20 में किए गए 1923.36 लाख रु. के प्रावधान को बदलकर एनआईसीएसआई खातों में 1956.33 लाख रु. का प्रावधान किया गया था, विवरण इस प्रकार हैः –

(लाखों में)

विवरण	31 मार्च 2021 को समाप्त हुआ वर्ष	31 मार्च 2020 को समाप्त हुआ वर्ष
आय कर	1835.88	1802.91
बिक्री कर/वैट/डीवैट	117.91	117.91
कार्य अनुबंधों पर टीडीएस	2.54	2.54
कुल	1956.33	1923.36

एनआईसीएसआई ने समय–समय पर संबंधित कर अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क किया है और अभी भी अपने अधिकारियों के साथ उच्च स्तर पर प्रयास कर रहा है।

62. अप्रचलित मद

वित्त वर्ष 2017–18 के लिए एनआईसीएसआई खातों की समीक्षा करते समय, पीएंडटी ऑडिट टीम ने पाया कि 31 मार्च को अप्रचलित वस्तुओं के मूल्यह्रास मूल्य और उसके खिलाफ अनुमानित बिक्री मूल्य के बीच अंतर हेतु उस वर्ष के खातों में प्रावधान नहीं किया गया था। तदनुसार, मूल्यह्रास मूल्य और अनुमानित बिक्री मूल्य के बीच 31.03.2019 को अप्रचलित वस्तुओं के लिए वित्त वर्ष 2018–19 के लिए एनआईसीएसआई खातों में किए जाने वाले ''प्रावधान'' की जांच करने और सिफारिश करने के लिए एनआईसीएसआई में एक समिति का गठन किया गया था। समिति ने सिफारिश की थी कि 31.03.2019 को अप्रचलित संपत्ति मदों के मूल्यह्रास मूल्य को अनुमानित बिक्री मूल्य के रूप में लिया जाएगा और इसलिए, उस वर्ष के खातों में इस संबंध में कोई प्रावधान करने की आवश्कता नहीं थी। इसे एनआईसीएसआई प्रबंधन द्वारा अनुमोदित किया गया था और इसलिए वित्त वर्ष 2018–19 के लिए खातों में इसके लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया था। इसी प्रकार, संपत्ति के भौतिक सत्यापन के आधार पर, दिनांक 31.03.2020 को अप्रचलित संपत्ति मदों का मूल्य मूल्यह्रास मूल्य के अनुसार रखा गया था और वित्त वर्ष 2019–20 के लिए खातों में कोई प्रावधान नहीं किया गया था। तदनुसार, 31.03.2021 को 2.06 लाख रु. के मूल्यह्रास मूल्य (पीवाई 2019–20 3.13 लाख रु.) को अनुमानित बिक्री मूल्य के रूप में लिया गया है और इसलिए वित्त वर्ष 2020–21 के लिए खातों में कोई प्रावधान नहीं किया गया है।

63. पूर्व अवधि वस्तुएं

एनआईसीएसआई के पास प्रबंधन द्वारा अनुमोदित कट–ऑफ तिथि है जिस तक विक्रेताओं के चालान 31 मार्च तक उपलब्ध कराई गईं सेवाओं से संबंधित चालान जमा करने होते हैं और तदनुसार पिछले वर्ष में व्यय के रूप में इनका हिसाब रखा जाता है। 31 मार्च तक की अवधि के लिए उस तिथि तक प्राप्त आय को भी उसी वित्त वर्ष में शामिल किया जाता है। तदनुसार, वित्त वर्ष 2020–21 में मिलान अवधारणा सुनिश्चित की गई है।

कंपनी ने त्रुटियों और चूक को पूर्व अवधि माना है। चालू वर्ष में नोट 65 पूर्व अवधि आय के बारे में बताता है।

64. जीएसटी अधिकारियों के समक्ष अपील

नवंबर, 2017 में 4,73,37,107/– रु. की जीएसटी एनआईसीएसआई द्वारा इसी कारण से जमा किया गया था कि उस वर्ष विक्रेताओं के कई चालान बुक किए जाएंगे लेकिन कम चालान प्राप्त हुए, उस सीमा तक जीएसटी का निपटान नहीं हुआ। निर्धारण अधिकारी द्वारा 25.09.2020 को समयबाधित होने के कारण दावे को खारिज कर दिया गया। एनआईसीएसआई ने जमा किए गए अतिरिक्त कर की वापसी हेतु 18.12.2020 को आयुक्त (अपील–।।), सीजीएशटी, दिल्ली के समक्ष अपील की है। अपील की सुनवाई की तिथि प्रतीक्षित है।

65. पूर्व अवधि राजस्व की बहाली

वित्त वर्ष 2019–20 से संबंधित 531.69 लाख रु. का राजस्व, जिसके खिलाफ 496.91 लाख रु. का खर्च किया गया, को पिछले वित्त वर्ष यानि (2019–20) में दर्ज किया गया था। उसी राजस्व राशि को चालू वित्त वर्ष 2020–21 में ''अन्य इक्विटी–नोट सं. 17'' के तहत पूर्व अवधि आय में दर्ज कर दिया गया है।

66. कोविड–19 का प्रभाव

कंपनी ने संभावित प्रभावों का आकलन किया है जो कोविड–19 महामारी से संबंधित प्राप्य राशियों, सावधि जमा और अन्य संपत्तियों/देयताओं की अग्रणी राशि पर हो सकते हैं। इस महामारी के कारण वैश्विक आर्थिक स्थितियों में संभावित भविष्य की अनिश्चितताओं से संबंधित धारणाओं को विकसित करने में, कंपनी ने इन वित्तीय विवरणों के अनुमोदन की तिथि को सूचना के आंतरिक एवं बाहरी स्रोतों का उपयोग किया है। वर्तमान तिथि के अनुसार, कंपनी ने निष्कर्ष निकाला है कि इन अनुमानों के आधार पर कोविड–19 का प्रभाव बहुत गंभीर नहीं है। महामारी की प्रकृति के कारण कंपनी भविष्य में महत्वपूर्ण अनिश्चितताओं, यदि कोई हो, की पहचान करने हेतु विकास की निगरानी करना जारी रखेगी।

67. पिछले वर्ष का आंकड़ा पुनर्वर्गीकरण

कंपनी ने चालू वर्ष के वर्गीकरण की पुष्टि हेतु पिछले वर्ष के आंकड़ों को फिर से वर्गीकृत किया है।

आज की तिथि में हमारी रिपोर्ट के अनुसार
अग्रवाल एंड सक्सेना के लिए
सनदी लेखाकार/चार्टर्ड अकाउंटेट
कंपनी पंजीकरण संख्या 002405सी

ह0/–
भरत बंसल
साझेदार
सदस्यता सं. 542976

नेशनल इंफोर्मेटिक्स सेंटर सर्विसिज इंक के निदेशक मंडल के लिए और उनकी तरफ से

ह0/–
प्रशांत कुमार मित्तल
प्रबंध निदेशक
डीआईएनः 08710751

ह0/–
डॉ. राजेन्द्र कुमार
अध्यक्ष
डीआईएनः 02677079

ह0/–
सन्नी जैन
कंपनी सचिव
एसीएसः 31700

ह0/–
दीपक सक्सेना
एफए/सीए

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 29.07.2021

स्वतंत्र लेखा-परीक्षक की रिपोर्ट

नेशनल इंफोर्मेटिक्स सेंटर सर्विसिज इंक के सदस्यों के लिए

वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा पर रिपोर्ट

योग्य विचार

नेशनल इंफोर्मेटिक्स सेंटर सर्विसिज इंक (''कंपनी'') के वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा की है, जिसमें 31 मार्च 2021 तक की बैलेंस शीट (तुलन पत्र) और आय एवं व्यय खाता, इक्विटी में परिवर्तन का विवरण और उस तिथि को समाप्त हुए वर्ष के लिए नकद प्रवाह विवरण एवं महत्वपूर्ण लेखा नीतियों एवं अन्य व्याख्यात्मक सूचनाओं के सारांश समेत वित्तीय विवरणों के लिए नोट्स थे।

हमारे विचार में और हमारी सर्वोत्तम जानकारी एवं हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार, हमारी रिपोर्ट के योग्य राय खंड में वर्णित मामलों के प्रभावों को छोड़कर, पूर्वोक्त वित्तीय विवरण कंपनी अधिनियम, 2013 (''अधिनियम'') द्वारा आवश्यक जानकारी देते हैं और 31 मार्च 2021 तक कंपनी के मामलों की स्थिति के बारे में भारत में आमतौर पर स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुरूप एवं इस तिथि को समाप्त वर्ष के लिए व्यय से अधिक आय, इक्विटी में परिवर्तन और इसके नकदी प्रवाह पर सही और निष्पक्ष दृष्टिकोण प्रदान करते हैं।

योग्य राय का आधार

1. व्यापार देय राशि (नोट 19), व्यापार प्राप्य (नोट 10), ग्राहकों से प्राप्त अग्रिम (सहायता अनुदान परियोजना सहित (नोट 21), देय सुरक्षा जमा (नोट 18) और आपूर्तिकर्ताओं को अग्रिम (नोट 9 और 15) वर्ष के अंत में प्राप्त हुई/प्राप्त की गई और/या परिणामी सुलह की पुष्टि के अधीन हैं। इस प्रकार की पुष्टि और सुलह के परिणामस्वरूप संपत्तियों/देयताओं और/या आय/व्यय पर प्रभाव, यदि कोई हो, वर्तमान में सुनिश्चित नहीं है।

2. ग्राहकों से प्राप्त अग्रिमों के संबंध में 1,62,044.59 लाख रु.के संबंध में वित्तीय विवरण की नोट सं. 21 के संदर्भ में आमंत्रित किया गया। अलग–अलग खातों की जांच से ऐसे कई ग्राहकों का पता चला जिन पर वर्ष के समापन पर 3 वर्ष से अधिक समय से बकाया है। अधिकांशतः सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) और भारत सरकार के मंत्रालयों से प्राप्त इन अग्रिमों को कंपनी द्वारा विभिन्न बैंकों के साथ सावधि जमा में ब्याज और परिपक्वता प्रोफाइल की विभिन्न दरों पर निवेश किया गया है।

   इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि ग्राहकों से अग्रिम के संबंध में ऐसी निष्क्रिय निधि अप्रयुक्त रह गई है और सावधि जमा में निवेश की गई है, प्रबंधन को ऐसे प्रत्येक अग्रिम की जांच करने और प्रत्येक के साथ अनुबंध के संबंधित नियमों और शर्तों के आधार पर इसे वापस करने की आवश्यकता है। ऐसे प्रत्येक अग्रिम के संबंध में दस्तावेजों, अनुबंधों और विवरणों के उपलब्ध न होने के कारण, इस प्रकार के विवरण उपलब्ध होने के परिणामस्वरूप संपत्ति/देयताओं और/या आय/व्यय पर पूर्ववर्ती पैरा में संदर्भित मामलों का समग्र प्रभाव वर्तमान में पता नहीं लगाया जा सकता।

3. आय और व्यय खाते की "पूर्व अवधि मद" के संबंध में नोट सं. 63 का संदर्भ लिया जा सकता है, जिसमें वर्ष के अंत तक प्रदान की गई सामग्री/सेवाओं के संबंध में विक्रेताओं द्वारा चालान जमा न करने/देर से जमा करने के परिणामस्वरूप वित्त वर्ष 2020–21 के लिए वित्तीय विवरणों में संबंधित व्यय को दर्ज नहीं किया जा रहा है, जिसका वर्ष के लिए व्यय पर रिपोर्ट की गई आय पर प्रभाव पड़ा है।

   ऐसे बिलों/संपत्तियों/देयताओं पर खर्च और/या समर्थित परियोजनाओं पर आय/व्यय को देर से दर्ज करने का प्रभाव रिपोर्टिंग तिथि पर विक्रेताओं द्वारा प्रस्तुत नहीं किए गए ऐसे बिलों की मात्रा की अनुपलब्धता के कारण विश्वसनीय रूप से सुनिश्चित नहीं किया जा सकता है।

4. कंपनी ने वस्तुओं की बिक्री पर राजस्व के मद्देनजर कंपनी (भारत लेखा मानक) नियम, 2015 द्वारा निर्धारित ''ग्राहकों के साथ अनुबंधों से राजस्व'' पर भारतीय लेखांकन मानक 115 का अनुपालन नहीं किया है, महत्वपूर्ण लेखा नीति (नोट 2 (Vii) देखें) के संदर्भ में ''नियंत्रण'' के हस्तांतरण के समय यानी ग्राहक द्वारा माल की स्वीकृति के समय इसे दर्ज करने की बजाए चालान बनाते समय गलती से दर्ज किया जा रहा है। भारतीय लेखांकन मानक 115 के संदर्भ में राजस्व को मान्यता देने के परिणामस्वरूप कंपनी की रिपोर्ट की गई आय और परिसंपत्तियों/देयताओं पर इसके प्रभाव को फिलहाल नहीं बताया जा सकता।

उपरोक्त अनुच्छेदों (1) से (4) में उल्लिखित मामलों का वर्ष के लिए परिसंपत्तियों/देयताओं और/या आय/व्यय और व्यय से अधिक आय पर प्रभाव का आकलन नहीं किया जा सकता।

हमने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(10) के तहत निर्दिष्ट लेखांकन मानकों (एसए) के अनुसार लेखापरीक्षा की है। उन मानकों के तहत हमारी जिम्मेदारियों को हमारी रिपोर्ट के वित्तीय विवरण खंड के लेखापरीक्षा हेतु लेखापरीक्षक की जिम्मेदारियों में वर्णित किया गया है। हम, कंपनी से स्वतंत्र हैं और भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा नैतिक आवश्यकताओं के साथ जारी आचार संहिता के अनुसार जो कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों और उसके नियमों के तहत वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा के लिए प्रासंगिक हैं, का पालन करते हैं। हमने इन आवश्यकताओं और आचार संहिता के अनुसार अपनी अन्य नैतिक जिम्मेदारियों को पूरा किया है। हम मानते हैं कि हमने जो लेखा परीक्षा प्रमाण प्राप्त किए हैं वह हमारी योग्य राय को आधार प्रदान करने हेतु पर्याप्त और उपयुक्त है।

Emphasis of Matter (विशिष्ट मामले)

1. हम भारतीय–लेखांकन मानक वित्तीय विवरण की नोट सं. 44 पर ध्यान दिलाया चाहेंगें जिसमें भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली में भवन के संबंध में 931.50 लाख रु. का परिवहन/अधिकार पत्र का पंजीकरण वर्ष के अंत तक नहीं किया गया था।

उपरोक्त अनुच्छों में रिपोर्ट किए गए मामलों के संबंध में हमारी राय में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

वित्तीय विवरण और लेखापरीक्षक की रिपोर्ट के अलावा अन्य जानकारी

कंपनी के निदेशक मंडल अन्य जानकारी के उत्तरदायी हैं। अन्य जानकारियों में शामिल है–कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट में दी गई जानकारी लेकिन इसमें वित्तीय विवरण और हमारे लेखा परीक्षक की रिपोर्ट शामिल नहीं है। इस लेखापरीक्षा रिपोर्ट की तिथि के बाद हमें वार्षिक रिपोर्ट उपलब्ध कराए जाने की आशा है।

वित्तीय विवरणों पर हमारी राय में अन्य जानकारी शामिल नहीं है और हम उस पर किसी भी प्रकार के आश्वासन निष्कर्ष को व्यक्त नहीं करेंगे।

वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा के संबंध में, हमारी जिम्मेदारी है कि हम उपर दी गई अन्य जानकारी के उपलब्ध होने पर उसे पढ़ें और ऐसा करने के दौरान इस बात पर विचार करें कि क्या अन्य जानकारी वित्तीय विवरणों के साथ वास्तव में असंगत है या लेखा परीक्षा में प्राप्त हमारी जानकारी या अन्यथा वास्तव में गलत बताया गया प्रतीत हो रही है।

वित्तीय विवरणों के लिए प्रबंधन और जिन पर संचालन का उत्तरदायित्व है, की जिम्मेदारियां

कंपनी का निदेशक मंडल कंपनी अधिनियम, 2013 (''अधिनियम'') की धारा 134(5) में बताए गए मामलों का उत्तरदायी है, इन वित्तीय विवरणों को तैयार करने के संबंध में, अधिनियम की धारा 133 के तहत निर्दिष्ट भारतीय लेखा मानकों समेत भारत में सामान्य रूप से स्वीकृत लेखा सिद्धांतों के अनुसार वित्तीय स्थिति, वित्तीय प्रदर्शन, कंपनी के इक्विटी और नकदी प्रवाह में परिवर्तन पर उचित और निष्पक्ष राय प्रदान करते हैं। इस जिम्मेदारी में कंपनी की संपत्ति की सुरक्षा हेतु और धोखाधड़ी एवं अन्य अनियमितताओं को रोकने एवं उनका पता लगाने हेतु अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त लेखा रिकॉर्ड का रखरखाव करना; उपयुक्त लेखा नीतियों का चयन और प्रयोग; ऐसे निर्णय करना और अनुमान लगाना जो उचित और विवेकपूर्ण हों; एवं पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का डिजाइन कार्यान्वयन और रखरखाव करना भी शामिल है जो लेखांकन रिकॉर्ड की सटीकता एवं पूर्णता सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी ढंग से काम कर रहे थे, वित्तीय विवरणों को तैयार करने एवं उनकी प्रस्तुति हेतु प्रासंगिक थे जो उचित और निष्पक्ष दृष्टिकोण प्रदान करता है और जो वास्तविक गलत विवरण से मुक्त है चाहे वह धोखाधड़ी के कारण हो या त्रुटि के कारण हो।

वित्तीय विवरण तैयार करने में, निदेशक मंडल कंपनी को उन्नतिशील व्यावसायिक प्रतिष्ठान के रूप में जारी रखने की क्षमता का आकलन करने, उन्नतिशील व्यावसायिक प्रतिष्ठान के रूप जैसा लागू हो, प्रकटीकरण और जब तक प्रबंधन या तो कंपनी को समाप्त करने या संचालन बंद करने का इरादा नहीं कर लेता, या ऐसा करने के अलावा कोई वास्तविक विकल्प नहीं बचता, तब तक, जैसा लागू हो, लेखांकन के उन्नतिशील व्यावसायिक प्रतिष्ठान के आधार का उपयोग करने को जिम्मेदार है।

वे निदेशक मंडल कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया का प्रबंध करने के भी जिम्मेदार हैं।

वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा हेतु लेखापरीक्षक के उत्तरदायित्व

हमारा उद्देश्य इस बारे में उचित आश्वासन प्राप्त करना है कि क्या समग्र रूप से वित्तीय विवरण वास्तविक गलत विवरणों से मुक्त है, चाहे वह धोखाधड़ी के कारण या त्रुटि के कारण हो और एक लेखापरीक्षक की रिपोर्ट जारी करना जिसमें हमारी राय शामिल है। उचित आश्वासन उच्च स्तर का आश्वासन है लेकिन यह गारंटी नहीं है कि एसए के अनुसार की गई लेखापरीक्षा हमेशा महत्वपूर्ण गलत विवरण का पता लगा लेगी, जब वह गलती की गई हो। गलत विवरण धोखाधड़ी या त्रुटि से उत्पन्न हो सकती है और इन्हें तब महत्वपूर्ण माना जाता है जब व्यक्तिगत या समग्र रूप से, इन वित्तीय विवरणों के आधार पर लिए गए उपयोगकर्ताओं के आर्थिक निर्णयों को प्रभावित करने की यथोचित अपेक्षा की गई हो।

एसए के अनुसार लेखापरीक्षा के हिस्से के रूप में, हम पेशेवर निर्णय लेते हैं और पूरी लेखापरीक्षा में पेशेवर संदेह बनाए रखते हैं। हम निम्नलिखित कार्य भी करते हैं:

- वित्तीय विवरणों के महत्वपूर्ण गलत विवरणों के जोखिमों की पहचान और उनका आकलन, चाहे वे धोखे से या त्रुटि के कारण किए गए हों, ऐसे जोखिमों के लिए लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं को डिजाइन और निष्पादित करते एवं हमारी राय के लिए आधार प्रदान करने हेतु पर्याप्त और उपयुक्त लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त करते हैं। धोखाधड़ी के कारण किए गए वास्तविक गलत विवरण का पता न लगा पाना गलती से किए गए गलत विवरण का पता लगाने की तुलना में अधिक है क्योंकि धोखाधड़ी में मिलीभगत, जालसाजी, जानबूझ कर की जाने वाली गलती, गलत बयानी, या आंतरिक नियंत्रण का उल्लंघन करना शामिल हो सकता है।

- परिस्थितियों के अनुसार लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं को डिजाइन करने के लिए लेखापरीक्षा से संबंधित आंतरिक नियंत्रण की समझ प्राप्त करना। कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(3)(i) के तहत, हम इस पर अपनी राय व्यक्त करने के लिए भी उत्तरदायी हैं कि क्या कंपनी के पास पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली और ऐसे नियंत्रणों की परिचालन प्रभावशीलता है।

- प्रयोग में लाई गई लेखांकन नीतियों की उपयुक्तता और प्रबंधन द्वारा किए गए लेखांकन अनुमानों और संबंधित प्रकटीकरण की तर्कसंगतता का मूल्यांकन करना।

- लेखांकन की उन्नतिशील व्यावसायिक प्रतिष्ठान के आधार पर प्रबंधन के उपयोग की उपयुक्तता पर निष्कर्ष देना और प्राप्त लेखापरीक्षा प्रमाणों के आधार पर, क्या ऐसी घटनाओं या स्थितियों से संबंधित कोई भौतिक अनिश्चितता मौजूद है जो कंपनी को उन्नतिशील व्यावसायिक प्रतिष्ठान के रूप में जारी रखने की क्षमता पर महत्वपूर्ण संदेह पैदा कर सकती है, का पता लगाना। यदि हमरे निष्कर्ष में महत्वपूर्ण अनिश्चितता सामने आती है तो हमें अपने लेखापरीक्षक की रिपोर्ट में वित्तीय विवरणों से संबंधित प्रकटीकरण पर ध्यान दिलाना होगा या यदि ऐसे प्रकटीकरण अपर्याप्त हैं तो अपनी राय में संशोधन करना होगा। हमारे निष्कर्ष लेखापरीक्षक की रिपोर्ट की तिथि तक प्राप्त लेखापरीक्षा प्रमाणों पर आधारित हैं। हालांकि, भविष्य की घटनाओं या शर्तों के कारण कंपनी का उन्नतिशील व्यावसायिक प्रतिष्ठान के रूप में जारी रहना बंद हो सकता है।

- प्रकटीकरण समेत वित्तीय विवरणों की समग्र प्रस्तुति, संरचना और सामग्री का मूल्यांकन करें एवं क्या वित्तीय विवरण अंतर्निहित लेनदेनों और घटनाओं का इस प्रकार से प्रतिनिधित्व करते हैं जिससे निष्पक्ष प्रस्तुति प्राप्त होती है।

भौतिकता वित्तीय विवरणों में गलत बयानों का परिणाम है जो व्यक्तिगत रूप से या समग्र रूप से, यह संभव बनाता है कि वित्तीय विवरणों के उचित जानकार उपयोगकर्ता के आर्थिक निर्णय प्रभावित हो सकते हैं। हम (i) अपने लेखापरीक्षा कार्य के दायरे की योजना बनाने और अपने काम के परिणामों का मूल्यांकन करनेय और (ii) वित्तीय विवरणों में किसी भी पहचाने गए गलत विवरण के प्रभाव का मूल्यांकन करने में, मात्रात्मक भौतिकता और गुणात्मक कारकों पर विचार करते हैं।

हम अन्य मामलों के अलावा, लेखापरीक्षा के नियोजित दायरे और समय एवं महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा निष्कर्षों के बारे में, जिसमें हमारी लेखापरीक्षा के दौरान आंतरिक नियंत्रण में किसी भी महत्वपूर्ण कमी का पता लगाया जाना शामिल है, पर, प्रबंधन के प्रभारी लोगों के साथ बातचीत करते हैं।

हम प्रबंधन के प्रभारियों को एक अभिकथन भी उपलब्ध कराते हैं जिसे हमने स्वतंत्रता के संबंध में प्रासंगिक नैतिक आवश्यकताओं के अनुपालन में तैयार किया है और उन सभी संबंधों एवं अन्य मामलों को बताने के लिए जो हमारी स्वतंत्रता पर उचित माना जा सकता है, और जहां लागू हो, संबंधित सुरक्षा उपायों के बारे में उन्हें बताया है।

अन्य कानूनी और नियामक आवश्यकताओं पर रिपोर्ट

1. कंपनी अधिनियम,2013 की धारा 143 की उप–धारा (11) के संदर्भ में भारत की केंद्र सरकार द्वारा जारी कंपनी (लेखापरीक्षा रिपोर्ट) आदेश, 2016 (''आदेश'') के अनुच्छेद 3 और 4 में निर्दिष्ट मामलों पर टिप्पणी नहीं की गई है क्योंकि कंपनी अधिनिम, 2013 की धारा 8 के तहत संचालित करने के लिए लाइसेंस प्राप्त कंपनी को उपलब्ध छूट के मद्देनजर उक्त आदेश कंपनी पर लागू नहीं होता है।

2. जैसा कि अधिनियम की धारा 143 (3) द्वारा अपेक्षित है, हम रिपोर्ट करते हैं कि:

   क) हमने ऐसी सभी जानकारियां और स्पष्टीकरण मांगे और प्राप्त किए हैं जो हमारी सर्वोत्तम जानकारी एवं विश्वास से लेखापरीक्षा के प्रयोजनों के लिए आवश्यक थीं;

   ख) उपर उल्लिखित योग्य राय के आधार अनुच्छेद में वर्णित मामले के प्रभावों को छोड़कर, हमारी राय में, बहीखाते की हमारी जांच से प्रतीत होता है कि कंपनी ने कानून द्वारा अपेक्षित उचित बहीखाता तैयार किया है;

   ग) उपर उल्लिखित योग्य राय के आधार अनुच्छेद में वर्णित मामलों के प्रभावों को छोड़कर, हमारी राय में, बैलेंस–शीट (तुलन पत्र), आय और व्यय खाता, इक्विटी में परिवर्तन का अभिकथन और नकद प्रवाह विवरण बहीखाता से मेल खाता है;

   घ) योग्य राय के आधार अनुच्छेद में वर्णित मामलों के प्रभावों को छोड़कर, हमारी राय में, उपर उल्लिखित वित्तीय विवरण, अधिनियम की धारा 133 के तहत निर्दिष्ट भारतीय लेखांकन मानक (आईएनडी एएस) का अनुपालन करते हैं, इसे कंपनी (लेखा) नियम, 2014 के नियम 7 के साथ पढ़ा जाएगा;

   ङ) योग्य राय के आधार अनुच्छेद में वर्णित मामलों के प्रभावों को छोड़कर, हमारी राय में, कंपनी के कामकाज पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकते हैं;

   च) चूंकि कंपनी एक सरकारी कंपनी है, इसलिए निदेशक की अयोग्यता के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 164 की उप–धारा (2), अधिसूचना संख्या जीएसआर–463 (ई) दिनांक 05.06.2015 के अनुसार कंपनी पर लागू नहीं होती है;

   छ) बहीखाते के रख–रखाव और उससे जुड़े अन्य मामले उपर उल्लिखित योग्य राय के आधार अनुच्छेद के अनुसार उचित हैं;

   ज) कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पर्याप्तता और ऐसे नियंत्रणों की परिचालन प्रभावशीलता के संबंध में "अनुबंध क" में हमारी अलग रिपोर्ट देखें। हमारी रिपोर्ट वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की पर्याप्तता एवं परिचालन प्रभावशीलता पर योग्य राय व्यक्त करती है;

   झ) हमारे विचार से और हमें दी गई जानकारी एवं स्पष्टीकरण के अनुसार, एक सरकारी कंपनी होने के नाते कंपनी, अधिनियम की अनुसूची V के साथ पठित धारा 197 के प्रावधान, अधिसूचना संख्या जीएसआर–463 (ई) दिनांक 05.06.2015 के संदर्भ में सरकारी कंपनियों पर लागू नहीं होते;

   ञ) कंपनी (लेखापरीक्षा और लेखा परीक्षक) नियम, 2014 के नियम 11 के अनुसार लेखा परीक्षक की रिपोर्ट में शामिल किए जाने वाले अन्य मामलों के संबंध में, हमारी राय में और हमारी सर्वोत्तम जानकारी एवं हमें दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार:

      i. कंपनी ने अपने वित्तीय विवरणों में अपनी वित्तीय स्थिति पर लंबित मुकदमों के प्रभाव का प्रकटीकरण किया है (वित्तीय विवरणों के लिए नोट सं. 36 देखें);

ii. कंपनी के पास व्युत्पन्न अनुबंधों सहित कोई दीर्घकालिक अनुबंध नहीं था जिसके लिए कोई वास्तविक नुकसान हुआ हो।

iii. ऐसी कोई राशि नहीं थी जिसे कंपनी द्वारा निवेशक शिक्षा और संरक्षण कोष में स्थानांतरित करने की आवश्यकता थी।

3. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(5) के तहत भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक द्वारा जारी निर्देशों पर हमारी अलग रिपोर्ट अनुबंध ख के रूप में संलग्न है।

अग्रवाल एंड सक्सेना के लिए
सनदी लेखाकार
(फर्म पंजीकरण संख्या 002405C)

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 29 जुलाई, 2021

ह0/–
भरत बंसल
साझेदार
सदस्यता संख्या : 542976
यूडीआईएनः– 21542976AAAABO9591

31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष के लिए नेशनल इंफोर्मेटिक्स सेंटर सर्विसिज इंक भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय कथन पर स्वतंत्र लेखा-परीक्षक रिपोर्ट का अनुबंध 'क'

(उस तिथि पर हमारी रिपोर्ट के "अन्य कानूनी और नियामक आवश्यकताएं" खंड के तहत अनुच्छेद में संदर्भित)

कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") की धारा 143 की उप–धारा 3 के खंड (i) के तहत आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर रिपोर्ट

हमने 31 मार्च 2021 तक नेशनल इंफोर्मेटिक्स सेंटर सर्विसिज इंक (''कंपनी'') की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की, उस तिथि पर समाप्त हुए वर्ष के लिए कंपनी के भारतीय लेखांकन मानक के अनुरूप वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा के संयोजन में लेखापरीक्षा की है।

आंतरिक वित्तीय नियंत्रण हेतु प्रबंधन का उत्तरदायित्व

कंपनी का प्रबंधन वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की लेखापरीक्षा पर भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी मार्गदर्शन टिप्पणी (''मार्गदर्शन नोट'') के अनिवार्य तत्वों पर विचार करते हुए कंपनी द्वारा स्थापित वित्तीय रिपोर्टिंग मानदंडों पर आंतरिक नियंत्रण के आधार पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित करने एवं उन्हें बनाए रखने को उत्तरदायी है। इन उत्तरदायित्वों में पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का डिजाइन, कार्यान्वयन और रखदृरखाव किया जाना शामिल है जो कंपनी की नीतियों का पालन, इसकी संपत्तियों की सुरक्षा, धोखाधड़ी एवं त्रुटियों की रोकथाम और पता लगाने सहित अपने कारोबार के व्यवस्थित एवं कुशल संचालन और कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत आवश्यक विश्वसनीय वित्तीय जानकारी को समय पर तैयार किया जाना सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी तरीके से काम कर रहे थे।

लेखापरीक्षक का उत्तरदायित्व

हमारा उत्तरदायित्व हमारी लेखा परीक्षा के आधार पर वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर विचार व्यक्त करना है। हमने मार्गदर्शन नोट और आईसीएआई द्वारा जारी और कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(10) के तहत निर्धारित लेखांकन मानकों के अनुसार लेखा परीक्षा की है, आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखापरीक्षा के लिए लागू सीमा तक, दोनों आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के लेखापरीक्षा पर लागू होते हैं और भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी किए जाते हैं। उन मानकों और मार्गदर्शन नोट के लिए हमारे द्वारा नैतिक आवश्यकताओं का अनुपालन करना और इस बारे में उचित आश्वसान प्राप्त करने के लिए योजनाएं तैयार करने एवं लेखा परीक्षा करना कि क्या वित्तीय रिपोर्टिंग पर पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित और बनाए रखे गए थे और क्या ऐसे नियंत्रण सभी वास्तविक मामलों में प्रभावी ढंग से संचालित होते हैं, आवश्यक है।

हमारी लेखापरीक्षा में वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली की पर्याप्तता और उनका परिचालन प्रभावशीलता के बारे में लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त करने हेतु प्रदर्शन प्रक्रियाएं करना शामिल हैं। वित्तीय रिपोर्टिंग में आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की हमारी लेखापरीक्षा में वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की समझ प्राप्त करना, जोखिम का आकलन करना कि वास्तविक कमी मौजूद है, और मूल्यांकन किए गए जोखिम के आधार पर आंतरिक नियंत्रण के डिजाइन और संचालन प्रभावशीलता का परीक्षण और आकलन करना शामिल है। चुनी गई प्रक्रियाएं लेखापरीक्षक के निर्णय पर निर्भर करती है जिसमें भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरणों के महत्वपूर्ण गलत विवरण के जोखिमों का आकलन करना शामिल है, चाहे वह धोखाधड़ी के या त्रुटि के कारण हो।

हमारा मानना है कि हमने जो लेखापरीक्षा प्रमाण प्राप्त किए हैं, वे वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी की आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली पर हमारी लेखापरीक्षा राय हेतु आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त है।

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का अर्थ

वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी का आंतरिक वित्तीय नियंत्रण एक ऐसी प्रक्रिया है जिसे वित्तीय रिपोर्टिंग की विश्वसनीयता और सामान्य रूप से स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार बाहरी उद्देश्यों के लिए भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरण तैयार करने के संबंध में उचित आश्वासन प्रदान करने हेतु डिजाइन किया गया है। वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण में वे नीतियां और प्रक्रियाएं शामिल हैं जो (1) रिकॉर्डों के रखरखाव से संबंधित है जो उचित विवरण में कंपनी की संपत्ति के लेन–देन और स्वभाव को सटीक एवं निष्पक्ष रूप से दर्शाता है; (2) उचित आश्वासन प्रदान करता है कि सामान्य रूप से स्वीकृत लेखा सिद्धांतों के अनुसार भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरण तैयार करने की अनुमति देने हेतु लेन–देन को आवश्यक रूप से दर्ज किया गया है और कंपनी की प्राप्तियां और व्यय केवल कंपनी के प्रबंधन और निदेशकों के प्राधिकरणों के अनुसार किए जा रहे हैं; और (3) कंपनी की संपत्ति के अनधिकृत अधिग्रहण, उपयोग या निपटान की रोकथाम या समय पर पता लगाने के संबंध में उचित आश्वासन प्रदान करना, जिसका भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरणों पर बहुत प्रभाव हो सकता है।

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की अंतर्निहित सीमाएं

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की अंतर्निहित सीमाओं के कारण, जिसमें मिलीभगत की संभावना या नियंत्रण का अनुचित प्रबंधन उल्लंघन करना, गलती या धोखाधड़ी के कारण वास्तविक गलत विवरण करना हो सकता है और उनका पता भी नहीं लगाया जा सकता है। इसके अलावा, आगामी अवधि के लिए वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के किसी भी मूल्यांकन का अनुमान जोखिम के अधीन है क्योंकि वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण शर्तों में बदलाव के कारण अपर्याप्त हो सकते हैं या यह कि नीतियों या प्रक्रियाओं के अनुपालन की स्थिति खराब हो सकती है।

योग्य राय

हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार एवं हमारी लेखापरीक्षा के आधार पर, हमने निम्नलिखित मामलों के संबंध में 31 मार्च 2021 को समाप्त हुए वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों पर अपनी लेखापरीक्षा योग्य राय बनाई है जिसमें वर्तमान आंतरिक नियंत्रण को मजबूत किए जाने की आवश्यकता हैः

क. विक्रेता की शेष राशि के समायोजन/पुष्टि से संबंधित प्रणाली के परिणामस्वरूप संभावित रूप से बकाया शेष राशि का गलत विवरण हो सकता है। (हमारी स्वतंत्र लेखापरीक्षक की उसी तिथि की रिपोर्ट की योग्य राय के आधार के तहत अनुच्छेद 1 देखें।)"

ख. संबंधित व्यय के साथ विक्रेता चालानों को दर्ज न करने से संबंधित नियंत्रण, जिसके परिणामस्वरूप चालू वित्त वर्ष के दौरान पूर्व अवधि के आइटम दर्ज किए गए हैं। (हमारी स्वतंत्र लेखापरीक्षक की रिपोर्ट की योग्य राय के आधार के तहत अनुच्छेद 3 देखें)

एक 'वास्तविक कमी' वित्तीय रिपोर्टिंग पर आतंरिक वित्तीय नियंत्रण में एक कमी या कमियों का संयोजन है जैसे कि समय के आधार पर एक उचित संभावना है कि कंपनी के वार्षिक भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरणों के एक भौतिक गलत विवरण को रोका या पता नहीं लगाया जा सकेगा।

हमारी राय में, नियंत्रण मानदंड के उद्देश्यों की उपलब्धि पर उपर वर्णित वास्तविक कमियों के प्रभावों/संभावित प्रभावों को छोड़कर, कंपनी ने सभी भौतिक मामलों में, वित्तीय रिपोर्टिंग और ऐसे आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों पर पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण बनाए रखा है और कंपनी द्वारा स्थापित वित्तीय रिपोर्टिंग मानदंडों पर आंतरिक नियंत्रण के आधार पर भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखापरीक्षा पर मार्गदर्शन नोट में बताए गए आंतरिक नियंत्रण के आवश्यक तत्वों पर विचार करते हुए 31 मार्च 2021 तक प्रभावी तरीके से काम कर रहे थे।

हमने उपर उल्लिखित वास्तविक कमियों की पहचान और रिपोर्ट करते समय उसकी प्रकृति, समय और 31 मार्च 2021 की हमारी लेखापरीक्षा में लागू किए गए लेखापरीक्षा जांच की सीमा पर विचार किया है और हमारी राय में ये वास्तविक कमियां, कंपनी के, भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरणों को प्रभावित नहीं करती हैं।

अन्य मामले

क. कंपनी को संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की अलग–अलग मदों के निरूपण से संबंधित वर्तमान नियंत्रणों को उनके भौतिक सत्यापन पर नियंत्रणों को शुरू करके मजबूत करने की आवश्यकता है, जिससे भौतिक रूप से सत्यापित सभी व्यक्तिगत वस्तुओं को संबंधित पीपीई रिकॉर्ड के साथ उनकी विशिष्ट पहचान संख्या के माध्यम से मैप किया जाता है।

ख. हालांकि कंपनी ने 01 जुलाई 2017, से ईआरपी लेखांकन सॉफ्टवेयर का प्रयोग शुरू कर दिया था, व्यक्तिगत पक्ष शेषों के निरूपण और प्रारंभिक जमा को आगे बढ़ाने से संबंधित कुछ नियंत्रण कमियां को दूर करने और वर्तमान नियंत्रणों के आधार पहचाने जाने की आवश्यकता है जिसे सिस्टम ऑडिट द्वारा किया जा रहा है और सिस्टम ऑडिट का काम बाहरी स्वतंत्र एजेंसी कर रही है।

उपरोक्त मामलों के संबंध में हमारी राय में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है।

अग्रवाल एंड सक्सेना के लिए
सनदी लेखाकार
(फर्म पंजीकरण संख्या 002405C)

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 29 जुलाई, 2021

ह0/–
भरत बंसल
साझेदार
सदस्यता संख्या : 542976
यूडीआईएनः– 21542976AAAABO9591

31 मार्च 2021 को समाप्त हुए वर्ष के लिए नेशनल इंफोर्मेटिक्स सेंटर सर्विसिज इंक के भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय कथन पर स्वतंत्र लेखा परीक्षक की रिपोर्ट का अनुबंध 'ख'

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 (5) के तहत भारत के नियंत्रक एवम महा लेखा – परीक्षक द्वारा जारी निर्देशो पर रिपोर्ट

1. **क्या कंपनी में आईटी प्रणाली के माध्यम से सभी लेखांकन लेनदेन को संसाधित करने की कोई प्रणाली है? यदि हां, तो आईटी प्रणाली के बाहर लेखांकन लेनदेन के प्रसंस्करण के वित्तीय प्रभावों के साथ–साथ खातों की अखंडता पर प्रभाव, यदि कोई हो, बताया जा सकता है।**

   कंपनी के पास सभी लेखांकन लेनदेन के प्रसंस्करण हेतु एक लेखा प्रणाली–ईआरपी लेखांकन सॉफ्टवेयर है, जिसे 01 जुलाई 2017 से शुरू कर दिया गया था। हालांकि, ईआरपी सॉफ्टवेयर को शुरू किया गया था और वह अभी भी किसी बाहरी स्वतंत्र एजेंसी द्वारा सिस्टम ऑडिट द्वारा प्रमाणित किए बगैर काम कर रहा है। आंकड़ों की शुद्धता में प्रणाली की संभावित कमियों के कारण बहीखाते पर भारतीय वित्तीय विवरणों में उल्लिखित संपत्तियों/देयताओं और/या आय/व्यय पर प्रभाव, यदि कोई हो, तो उसका निश्चय वर्तमान में नहीं किया जा सकता।

   इसके अलावा, संवर्धन/विलोपन/मूल्यह्रास के संदर्भ में अचल संपत्तियों का लेखांकन वर्तमान में मैन्युअल रूप से किया जा रहा है और इसके बाद उसे ईआरपी सिस्टम में अपलोड किया जाता है क्योंकि ईआरपी में कोई ऑटोमेशन मॉड्यूल नहीं है। यह सलाह भी दी जाती है कि मानवीय हस्तक्षेप के कारण संभावित त्रुटियों से बचने के लिए उक्त प्रक्रिया को भी जल्द–से–जल्द स्वचालित कर लिया जाए।

2. **क्या कंपनी द्वारा ऋण चुकाने में असमर्थता के कारण वर्तमान ऋण की कोई पुनर्रचना की गई है या ऋणदाता द्वारा कंपनी को ऋण/उधार/ब्याज आदि की छूट/बट्टे खाते में डालने के मामले हैं? यदि हां., तो वित्तीय प्रभाव के बारे में बताया जा सकता है।**

   लागू नहीं होता क्योंकि कंपनी पर वर्ष 2020–21 के दौरान कोई बकाया ऋण नहीं था। तदनुसार, कंपनी द्वारा ऋण चुकाने में असमर्थता के कारण किसी भी ऋणदाता द्वारा दिए गए ऋणों/उधार/ब्याज आदि पर छूट/बट्टे खाते में डालने का कोई मामला नहीं था।

3. **क्या केंद्र/राज्य एजेंसियों से विशिष्ट योजनाओं के लाए प्राप्त/प्राप्य निधियों को उनके नियमों और शर्तों के अनुसार उचित रूप लेखा/उपयोग किया गया था? विसंगति के मामलों की सूची बनाएं।**

   वर्ष 2020–21 के दौरान कंपनी को किसी भी केंद्र/राज्य एजेंसियों से न को कई धनराशि प्राप्त हुई है और न ही प्राप्य थी। इसलिए उनके उचित लेखांकन और उपयोग का प्रश्न ही नहीं उठता है।

अग्रवाल एंड सक्सेना के लिए
सनदी लेखाकार
(फर्म पंजीकरण संख्या 002405C)

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 29 जुलाई, 2021

ह0/–
भरत बंसल
साझेदार
सदस्यता संख्या : 542976
यूडीआईएनः– 21542976AAAABO9591

31 मार्च, 2021 को समाप्त हुए वर्ष के लिए नेशनल इंफोर्मेटिक्स सेंटर सर्विसिज इंक. (निकसी) के वित्तीय कथन पर कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 143(6)(बी) के तहत भारत के नियंत्रक एवं महा लेखा-परीक्षक की टिप्पणियां

कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) के तहतम निर्धारित वित्तीय रिपोर्टिंग रूप रेखा के अनुसार 31 मार्च 2021 को समाप्त हुए वर्ष के लिए नेशनल इंर्फोमेटिक्स सेंटर सर्विसिज इंक (एनआईसीएसआई) के वित्तीय विवरण तैयार करना कंपनी के प्रबंधन की जिम्मेदारी है। अधिनियम की धारा 139 (5) के तहत भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक द्वारा नियुक्त सांविधिक लेखापरीक्षक/लेखापरीक्षक अधिनियम की धारा 143(10)के तहत निर्धारित लेखापरीक्षा मान कों के अनुसार स्वतंत्र लेखापरीक्षा आधार पर अधिनियम की धारा 143 के तहत वित्तीय विवरणों पर राय व्यक्त करने को जिम्मेदार हैं। दिनांक 29.07.2021 की लेखापरीक्षा रिपोर्ट में उनके द्वारा ऐसा किया जाना बताया गया है।

मैंने, भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक की ओर से, अधिनियम की धारा 143(6) (क) के तहत 31 मार्च 2021 को समाप्त हुए वर्ष के लिए एनआईसीएसआई के वित्तीय विवरणों की पूरक लेखापरीक्षा की है। यह पूरक लेखापरीक्षा सांविधिक लेखापरीक्षकों के कार्य पत्रों को देखे बिना स्वतंत्र रूप से की गई है और यह प्राथमिक रूप से सांविधिक लेखापरीक्षकों की जांच और कंपनी के कुछ लेखा अभिलेखों की व्यक्तिगत एवं चयनात्मक जांच तक सीमित है।

मेरी पूरक लेखापरीक्षा के आधार पर, मैं अधिनियम की धारा 143(6) (ख) के तहत निम्नलिखित महत्वपूर्ण मामलों पर प्रकाश डालना चाहता हूँ जो मेरे संज्ञान में आए हैं और जो मेरे विचार में वित्तीय विवरणों और संबंधित लेखापरीक्षा रिपोर्ट की बेहतर समझ को सक्षम करने के लिए आवश्यक है।

लेखानीतियों पर टिप्पणी

कंपनी ने स्वयं द्वारा शुरू की गई परियोजनाओं के राजस्व और संबंधित व्यय के लेखांकन के संबंध में विशेष रूप से लेखांकन नीति निर्धारित और उसका प्रकटीकरण नहीं किया है, विशेष रूप से ऐसे चालान जो संबंधित वर्ष में 31 मार्च के बाद जारी/प्राप्त किए गए लेकिन वे पिछले वित्तवर्ष से संबंधित थे।

आय और व्यय खाता

आय

अन्य आय (टिप्पणी सं. 24)– 7458.93 लाख रु.

एनआईसीएसआई ने विभिन्न परियोजनाओं को पूरा करने के लिए एनआईसीएसआई के स्वयं के कोष और भारत सरकार एवं अन्य सरकारी एजेंसियों से प्राप्त होने वाले धन पर अर्जित ब्याज को अलग करने के लिए उचित प्रणाली विकसित नहीं की है। इसलिए ब्याज आय की द्धता (राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क परियोजना के अलावा अन्य परियोजनाओं से) को उचित रूप से सुनिश्चित नहीं किया जा स कता है।

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक
के लिए और उनकी तरफ से

ह0/–
(मनीष कुमार)
लेखापरीक्षा निदेशक
(वित्त एवं संचार)

तिथिः 22–10–2021
स्थानः नई दिल्ली

BOARD OF DIRECTORS

(As on 31-03-2021)

Chairman	:	Dr. Rajendra Kumar, IAS, Additional Secretary, MeitY
Director	:	Ms. Jyoti Arora, IAS, SS & FA, MeitY
		Shri Jaideep Mishra, JS, MeitY
		Dr. B. K. Murthy, Scientist-G, MeitY
		Smt. Geeta Kathpalia, Scientist-G, MeitY & DG, ERNET India (as IT Specialist)
		Shri Nagesh Shastri, DDG, NIC
		Mrs. Rachna Srivastava, DDG, NIC
		Shri Pawan Kumar Joshi, DDG, NIC
		Shri Shahid Ahmed, Scientist-G, NIC
		Shri K. Srinivasa Raghavan, Scientist-G & SIO (TN), NIC
		Shri Ajay Singh Chahal, Scientist-G & SIO (HP), NIC
		Shri Prashant Kumar Mittal, MD, NICSI
Company Secretary	:	Shri Sunny Jain
Auditors	:	M/s. Agarwal & Saxena (CR0604), Chartered Accountants, I-79, 7th Floor, Himalaya House, 23, K.G.Marg, New Delhi-110001
Registered Office	:	Hall No. 2 & 3, 6th Floor, NBCC Tower, 15th, Bhikaji Cama Place, New Delhi-110066
Bankers	:	Union Bank of India, Bank of India, CGO Complex Lodhi Road, Union Bank Of India, Punjab National Bank, State Bank of India, Bhikaji Cama Place, New Delhi and ICICI Bank Ltd, safdarjung Enclave, New Delhi, Indian Bank, Connaught, Circus, New Delhi.

BOARD OF DIRECTORS
(As on 30-09-2021)

Chairman	:	Dr. Rajendra Kumar, IAS, Additional Secretary, MeitY
Director	:	Ms. Jyoti Arora, IAS, SS & FA, MeitY
		Shri Jaideep Mishra, JS, MeitY
		Dr. B. K. Murthy, Scientist-G, MeitY
		Smt. Geeta Kathpalia, Scientist-G, MeitY & DG, ERNET India (as IT Specialist)
		Shri Nagesh Shastri, DDG, NIC
		Mrs. Rachna Srivastava, DDG, NIC
		Shri Pawan Kumar Joshi, DDG, NIC
		Shri Shahid Ahmed, Scientist-G, NIC
		Shri K. Srinivasa Raghavan, Scientist-G & SIO (TN), NIC
		Shri Prakash Rao, Scientist-F & SIO (MP), NIC
		Shri Prashant Kumar Mittal, MD, NICSI
Company Secretary	:	Shri Sunny Jain
Auditors	:	M/s. Agarwal & Saxena (CR0604), Chartered Accountants, I-79, 7th Floor, Himalaya House, 23, K.G.Marg, New Delhi-110001
Registered Office	:	Hall No. 2 & 3, 6th Floor, NBCC Tower, 15th, Bhikaji Cama Place, New Delhi-110066
Bankers	:	Union Bank of India, Bank of India, CGO Complex Lodhi Road, Union Bank Of India, Punjab National Bank, State Bank of India, Bhikaji Cama Place, New Delhi and ICICI Bank Ltd, safdarjung Enclave, New Delhi, Indian Bank, Connaught, Circus, New Delhi.

NOTICE
26th ANNUAL GENERAL MEETING

Notice is hereby given to the Members of National Informatics Centre Services Incorporated (NICSI) that its 26th Annual General Meeting is scheduled to be held at shorter notice on Tuesday, 30th November, 2021, at 03:00 PM at Conference Room No. 4009, 4th Floor, Ministry of Electronics and Information Technology, Electronics Niketan, 6, CGO Complex, Lodhi Road, New Delhi-110003, to carry out the following business:

ORDINARY BUSINESS

1. To receive, consider and adopt the Audited Balance Sheet as at 31st March, 2021, the Income and Expenditure Account of the Company for the year ended 31st March, 2021, the Directors' Report along-with the Auditor's Report and comments of the Comptroller and Auditor General of India thereon, and
2. To Fix the Remuneration of Statutory Auditors for Financial Year 2021-22 appointed by the Comptroller and Auditor General of India under section 142 of the Companies Act, 2013.

For and on behalf of the Board of Directors
National Informatics Centre Services Inc.

Sd/-
(Sunny Jain)
Company Secretary
(M, No. A31700)

Place: New-Delhi
Date: 22.11.2021

TO:

1. Dr. Neeta Verma, DG, NIC – Member
2. Ms. Rachna Srivastava – Member
3. Shri Deepak Chandra Misra – Member
4. Shri Vishnu Chandra – Member
5. Shri Nagesh Shastri – Member
6. Shri R. S. Mani – Member

Also:

1. Dr. Rajendra Kumar, AS, MeitY – Chairman, NICSI
2. All the Board of Directors of NICSI

And also:

1. M/s Agarwal & Saxena, Statutory Auditors, NICSI

NOTE:

1. A member entitled to attend and vote is entitled to appoint a proxy to attend and vote instead of himself/herself.
2. As per rule 19(1) of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014, a member of a company registered under section 8 of the Companies Act, 2013 (erstwhile section 25 of the Companies Act, 1956) shall not be entitled to appoint any other person as his / her proxy unless such other person is also a member of such company.
3. This form of proxy in order to be effective should be duly completed and deposited at the registered office of the company, not less than 48 hours before the commencement of the meeting.

For and on behalf of the Board of Directors
National Informatics Centre Services Inc.

Sd/-
(Sunny Jain)
Company Secretary
(M, No. A31700)

Place: New-Delhi
Date: 22.11.2021

Directors' Report

Dear Shareholders,

